न्यायालय अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, दाउदनगर।

जी0आर0सं0-639/2020

दाउदनगर थाना कांड संख्या-218/2020

17.02.2021 आवेदक स्कार्पियो वाहन निबंधन संख्या-JH13F6147 का स्वामी योगेन्द्र कुमार की ओर से उपस्थिति पत्र दाखिल किया गया । स्कार्पियों वाहन निवंधन संख्या-BR26PA6668 पर के स्वामी की ओर से 01.12.2020 को दाखिल आवेदन को संचालित करने हेतु एक आवेदन दाखिल किया गया ।

वाद पुकार पर आवेदक के विद्वान अधिवक्ता दिनांक-19.09.2020 को दाखिल आवेदन को संचालित करते हुए निवेदन करते है कि उपरोक्त वाहन को आवेदक के पक्ष में मुक्त किया जाय ।

सुना । अभिलेख का अवलोकन किया, जिससे विदित होता है कि उक्त वाद के अनुसंधानक के द्वारा स्कार्पियो वाहन निबंधन संख्या-JH13F6147 का समर्पित प्रतिवेदन में यह दर्शित किया है कि अनुसंधान में उक्त वाहन की आवश्यकता है । अतः उक्त वाद के अनुसंधानक को निर्देश दिया जाता है कि दिनांक-24.02.2021 तक इस आशय का प्रतिवेदन समर्पित करें कि उक्त वाहन की अनुसंधान में आवश्यकता किन-किन विन्दुओं पर शेष रह गई है तथा वाहन जप्त रखने में अनुसंधान में क्या मदद मिलेगी । अनुसंधानक को यह भी निर्देश दिया जाता है कि इस वाद में अगर स्कार्पियों वाहन निवंधन संख्या-BR26PA6668 को जप्त किया गया है तो जप्ती सूची समर्पित करें । कार्यालय लिपिक को निर्देश दिया जाता है कि उक्त आदेश की छायाप्रति सम्बन्धित थाना प्रभारी को भेंजे ।

प्र0 अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, दाउदनगर ।